# आउटर की सड़कों पर ब्लैकमेलिंग का जाल

- लड़की लिफ्ट के बहाने रोकती है वाहन सवार को
- ब्लैकमेलिंग से दो पीड़ित गहरे अवसाद में पहुंचे

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 16 अगस्त. शहर के सुनसान इलाकों में वाहन चालकों को हनी ट्रैप जैसे जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह की गतिविधियों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है. गिरोह के सदस्य पहले सुनसान सड़क या आउटर इलाके में युवती को खड़ा करते हैं.**

वाहन चालक को लिफ्ट देने के बहाने रोका जाता है. इसके बाद युवती उससे दोस्ती का दिखावा कर उसे किसी सुनसान स्थान पर ले जाती है. पहले से तैयार गिरोह के अन्य सदस्य वहां पहुंचते हैं और युवक को युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाकर वीडियो बना लेते हैं. इसके बाद यही वीडियो ब्लैकमेलिंग का हथियार बन जाता है. वीडियो बनाने के बाद गिरोह के सदस्य पीड़ित को डराते हैं कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जाएगा. इतना ही नहीं, दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी जाती है. बदनामी के डर से कई लोग पुलिस के पास जाने के बजाय गिरोह की मांग पूरी करने लगते हैं. कुछ पीड़ितों से गिरोह लाखों रुपये तक वसूल चुका है. इस तरह की ब्लैकमेलिंग का गंभीर मानसिक असर भी सामने आ रहा है. मनोचिकित्सक डॉ. आरएन साहू के अनुसार उनके पास ऐसे दो मरीज उपचार के लिए पहुंचे हैं, जो ब्लैकमेलिंग के बाद गहरे अवसाद में चले गए. डॉ.. साहू ने बताया कि दोनों मरीज करीब छह महीने के अंतराल में उनके पास आए. उनकी स्थिति ऐसी हो गई थी कि सामान्य जीवन प्रभावित होने लगा था. उन्होंने दोनों को पुलिस में शिकायत करने की सलाह दी, लेकिन बदनामी और सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित होने के डर से उन्होंने पुलिस से संपर्क नहीं किया. पीड़ितों के संबंध में चिकित्सक का कहना है कि उन्होंने कथित गिरोह को लाखों रुपये तक दिए, लेकिन इसके बावजूद उनके भीतर वीडियो वायरल होने और सामाजिक बदनामी का डर बना रहा. लगातार तनाव और भय के कारण वे मानसिक रूप से टूटते चले गए.

**इनका कहना है...**

ऐसे मामलों में पीड़ित बिना बदनामी के डर के सामने आएं, ताकि ब्लैकमेलिंग के इस नेटवर्क का पता लगाया जा सके और अन्य लोगों को इसका शिकार बनने से बचाया जा सके.

– संजय कुमार, पुलिस कमिश्नर

## बस ने कार को मारी टक्कर

**भोपाल.** खजूरी सड़क इलाके में एक बस चालक ने रविवार को कार सवार परिवार को टक्कर मार दी. हादसे में किसी को चोट नहीं आई है. कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है. आरोपी बस चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया.

फरियादी नरेन्द्र सिंह निवासी विदिशा ने ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से अपने परिवार के साथ विदिशा से इंदौर जा रहे थे. समय करीबन सुबह 8. 40 बजे जैसी ही 11 मील तिराहा खजूरी सड़क वह कार से पहुंचे थे. इस दौरान एक बस के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर उनकी कार में साइड से टक्कर मार दी. कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है,

# एलएनसीटी में फहराया तिरंगा




निज संवाददाता

**भोपाल, 16 अगस्त. एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया. कुलाधिपति जय नारायण चौकसे ने तिरंगा फहराया. इस दौरान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे. समारोह में एनसीसी कैडेट्स की परेड प्रमुख आकर्षण रही.कैडेट्स ने अनुशासन के साथ मार्च करते हुए तिरंगे को सलामी दी.**

परेड में विद्यार्थियों ने राष्ट्रसेवा और अनुशासन का संदेश दिया. इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया और देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया.

कुलाधिपति जय नारायण चौकसे ने कहा कि युवाओं की भूमिका देश के भविष्य के लिए अहम है. उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ अनुशासन और जिम्मेदारी को भी जीवन में अपनाने की बात कही. उन्होंने कहा कि युवा अपनी मेहनत और प्रतिभा से देश के विकास में योगदान दे सकते हैं. समारोह के दौरान परिसर में विद्यार्थियों में देशभक्ति का उत्साह भी नजर आया.

# एम्स में टीबी मरीजों को मिलेगा सटीक इलाज

- डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 अगस्त. एम्स में क्षय रोग (टीबी) के मरीजों को अधिक प्रभावी और जरूरत के मुताबिक इलाज मुहैया कराने के लिए एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. एम्स की टीबी कोर समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में डॉक्टरों, रेजिडेंट डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और लैब तकनीशियनों को टीबी के आधुनिक उपचार और रोकथाम के नए तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया.**




प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य हर टीबी मरीज की स्थिति के अनुसार उसका व्यक्तिगत इलाज तय करना और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद भी उसकी देखभाल की निरंतरता बनाए रखना है. इसके तहत एम्स भोपाल में समर्पित टीबी बेड आरक्षित करने, मरीजों के रेफरल और बैक-रेफरल तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया.इससे गंभीर मरीजों को उच्च केंद्र भेजने और ठीक होने पर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तक वापस भेजने की प्रक्रिया सुगम होगी.कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. माधवानन्द कर ने किया.उन्होंने मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को बेहद जरूरी बताया.कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि इस पहल से टीबी उन्मूलन अभियानों को गति मिलेगी और तृतीयक स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा.साथ ही स्वास्थ्य प्रणाली में इस सुधार से राज्य में टीबी मुक्त भारत के संकल्प को बड़ी मजबूती मिलेगी.

## ड्राई-डे पर शराब बेच रहा आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल.** आबकारी विभाग की टीम ने मालवीय नगर में स्वतंत्रता दिवस पर ड्राई-डे के दौरान अवैधरुप से बेची जा रही शराब की जब्त की. टीम ने 3 पेटी शराब जब्त करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान शैलेष सिंह नाम के युवक के रुप में की गई है. वह मालवीय नगर में लोगों को अवैध तरीके से शराब बेच रहा था. ड्राई-डे के मौके पर शहर की सभी शराब की दुकानें बंद थी. आबकारी 8 टीमें इस दौरान शहरभर में सक्रिय थी और टीमों ने कई दुकानों पर शराब बेचने को लेकर स्टिंग भी किया. आरोपी शैलेष के शराब बेचने की सूचना पर टीम वहां पहुंची और शराब की पेटियों के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया.

# खजाना ने शिल्प और विरासत संरक्षण को दिया मंच



**भोपाल, 16 अगस्त .** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ताज लेकफ्रंट में आयोजित तीन दिवसीय खजाना द इंडिपेंडेंस एडिट का समापन भारतीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कला और शिल्पकारों की प्रेरक यात्राओं के साथ हुआ. कार्यक्रम में महापौर मालती राय भी मौजूद रहीं.

खजाना के उपाध्यक्ष फैसल मोमिन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिल्पकारों को अपने हुनर और उत्पादों को व्यापक दर्शकों तक पहुंचाने का अवसर मिला. मलिका शाह ने बताया कि खजाना का पहला केंद्र 1980 में शुरू हुआ था और अब नेटवर्क 32 केंद्रों तक पहुंच चुका है.

# खजूरी सोसाइटी में तिरंगा फहराया, 100 पौधे रोपे

निज संवाददाता

**भोपाल, 16 अगस्त. अवधपुरी स्थित मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड की नवनिर्मित खजूरी हाउसिंग सोसाइटी में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वज वंदन के साथ 100 से ज्यादा पौधे रोपे गए. बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन और कमिश्नर गौतम सिंह ने ध्वज वंदन किया.**

इसके बाद 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सोसाइटी परिसर में 6 से 10 फीट ऊंचाई के पौधे लगाए गए. कमिश्नर गौतम सिंह ने कहा कि शहर के अंदर भी बड़े स्तर पर पेड़ लगाने की जरूरत है, ताकि लोगों को बेहतर पर्यावरण मिल सके.



कार्यक्रम में बोर्ड के 18 अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. सहायक यंत्री अर्जुन गौड़ को अध्यक्ष ओम जैन और कमिश्नर गौतम सिंह ने सम्मानित किया. सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को भी शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में बोर्ड के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.

# सरपंच ने किया झंडावंदन

**बैरसिया, 16 अगस्त. ग्राम पंचायत पिपलिया हसनाबाद में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया.सरपंच नजमा लतीफ खान ने झंडावंदन किया. नवीन सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी.**

इसके बाद सरपंच खान ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को ट्रॉफी व मैडल देकर सम्मानित किया गया.शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी ट्रॉफी भेंट कर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया. सरपंच ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे बच्चे जल्द नवीन स्कूल भवन में बैठे नजर आएंगे. राज्य शिक्षा केंद्र से 43 लाख से बनने वाले नवीन स्कूल भवन की



स्वीकृति मिल चुकी है. सरपंच ने कहा कि बच्चे रोज स्कूल आए और अच्छी पढाई करें ओर माता पिता के साथ गांव व देश का नाम रोशन करे. इस अवसर स्कूल प्रभारी नहीम खान सहित समूचा स्टॉप उपस्थित था.

# समुदाय से जुड़ने की नई सीख लेंगे क्यूरेटर

- प्रदर्शनी की योजना, संग्रह प्रबंधन, वस्तुओं की सुरक्षित स्टोरेज जैसे पाठ्यक्रम जोड़े गए है

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 16 अगस्त. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में रविवार से सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्यूरेटरशिप प्रशिक्षण शुरू हुआ. 22 अगस्त तक चलने वाले इस कोर्स में देश के अलग-अलग राज्यों से आए क्यूरेटर, शोधार्थी और संग्रहालय पेशेवर भाग ले रहे हैं. प्रशिक्षण का फोकस संग्रहालयों को केवल वस्तुओं के प्रदर्शन तक सीमित न रखकर स्थानीय समुदायों से जोड़ने पर है.**



पाठ्यक्रम में प्रदर्शनी की योजना, संग्रह प्रबंधन, वस्तुओं की सुरक्षित स्टोरेज, गैलरी में दर्शकों की आवाजाही, लेबलिंग और तस्वीरों के चयन जैसे व्यावहारिक विषयों पर चर्चा होगी. प्रतिभागियों को भारतीय संग्रहालयों के अनुभवों के साथ दूसरे देशों में अपनाए जा रहे तरीकों की जानकारी भी दी जाएगी. उद्घाटन सत्र में संग्रहालय निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने सांस्कृतिक विरासत बचाने में संग्रहालयों की भूमिका पर बात रखी. अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रो. अमरेश्वर गल्ला ने ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा और यूरोप के संग्रहालयों में समुदाय की भागीदारी के अनुभव साझा किए.

# आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे बिजली व्यवस्था

- सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप

सिटी रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त. बारिश के दौरान बिजली से जुड़े कामों में अतिरिक्त सावधानी जरूरी है, लेकिन राजधानी में बिजली लाइनों के सुधार और संधारण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी के मामले सामने आ रहे हैं.**

शहर के अलग-अलग इलाकों में कर्मचारी बिना सेफ्टी बेल्ट और अन्य सुरक्षा उपकरणों के बिजली के पोल पर चढ़कर काम करते नजर आ रहे हैं. बारिश के बीच गीले पोल और बिजली लाइनों पर इस तरह काम करना कर्मचारियों के साथ राहगीरों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है. पड़ताल में यह सवाल भी सामने आया है कि जिन कार्यों के लिए प्रशिक्षित और अधिकृत लाइन स्टाफ की जिम्मेदारी तय है, वे

**इनका कहना है...**

जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार द्विवेदी का कहना है कि विभाग समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित करता है और कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जाता है. इस प्रकार के मामले उनके संज्ञान में नहीं हैं.



## बाबा रामदेव और बालकृष्ण का एयरपोर्ट पर स्वागत

**भोपाल.** योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण का राजा भोज हवाईअड्डे पर उनके अनुयायियों ने स्वागत किया. बाबा रामदेव और आचार्य का एयरपोर्ट पर मप्र भारत स्वाभिमान के कोषाध्यक्ष टी एस बावल के अलावा वेदप्रकाश शर्मा, करण सिंह पवार, डॉ पुष्पांजलि और अन्य लोगों ने स्वागत किया. दोनों ही सोनकच्छ में जैन संत के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद देर शाम को वापस भी लौट गए. उनके साथ कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा भी रवाना हुए.

# समय से पहले कुर्सी छोड़ रहे डॉक्टर

- कमला नगर संजीवनी क्लीनिक में बिना इलाज लौट रहे मरीज

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 16 अगस्त. राजधानी के कमलानगर स्थित संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है. गरीबों और स्थानीय नागरिकों को उनके घर के पास ही तुरंत इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस संजीवनी क्लीनिक में समय की पाबंदी को ताक पर रख दिया गया है.**

नियमानुसार क्लीनिक का संचालन शाम 5 बजे तक होना चाहिए, लेकिन हकीकत यह है




कि दोपहर 1:30 बजे के बाद यहां कोई भी डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहता.दोपहर डेढ़ बजे के बाद क्लीनिक पहुंचने वाले मरीजों को बिना जांच और दवा के लौटना पड़ रहा है.कई मरीज ऐसे भी हैं जो अपनी दिहाड़ी छोड़कर इलाज के लिए आते हैं, लेकिन डॉक्टरों की गैरहाजिरी के कारण उन्हें निजी अस्पतालों या बड़े अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं.-एक ही डॉक्टर के भरोसे व्यवस्था समय की अनदेखी के साथ-साथ इस क्लीनिक में डॉक्टरों की भारी कमी भी गंभीर चिंता का विषय है. वर्तमान में पूरा संजीवनी क्लीनिक केवल एक ही डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है.सुबह के समय जब मरीजों की कतार लगती है, तब एकमात्र डॉक्टर होने के कारण मरीजों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है.यदि वह एकमात्र डॉक्टर भी दोपहर 1:30 बजे तक ही सेवा देकर चले जाएं, तो दोपहर बाद आने वाले दर्जनों मरीजों का इलाज पूरी तरह ठप हो जाता है.

## फैक्ट्री संचालक को कर्मचारियों ने पीटा

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त.** अशोका गार्डन इलाके में एक फैक्ट्री संचालक अनूप विश्वकर्मा (35) की उनके ही कर्मचारियों और उनके अन्य साथियों ने पिटाई कर दी. रविवार को संचालक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया. आरोपी कर्मचारियों ने इस दौरान संचालक की कार में तोड़फोड़ भी कर दी. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है. अनूप ने पुलिस को बताया कि शनिवार को काम नहीं होने से वह अपनी फैक्ट्री के कर्मचारी धनीराम, गोलू , परम और रोहित को लेकर महादेव पानी रायसेन घूमने के लिए गये थे. वहां पर धनीराम और परम की विकास से कहा सुनी हो गई.

# अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत नगर पालिका ने लगाए 1000 पौधे

नवभारत न्यूज

**बैरसिया, 16 अगस्त. नगर पालिका परिषद द्वारा अमृत हरित महाअभियान के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौर, संभागीय कार्यपालन यंत्री ब्रजेंद्र वर्मा , सहायक यंत्री हरीश शर्मा, सहायक यंत्री विनोद त्रिपाठी , मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सक्सेना ,




सहायक यंत्री के.पी. चौहान , सहायक ग्रेड-2 अभिषेक शर्मा , मनोज शर्मा , कमलेश प्रजापति मधुर चौरसिया एवं नोडल अधिकारी रोशन ब्रम्हवंशी ने वसई स्थित माड़ा इमली पार्क, अंबेडकर पार्क एवं नवनिर्मित एमआरएफ सेंटर सहित विभिन्न स्थानों पर लगभग 1,000 पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों,अधिकारियों-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण एवं नगर को हरा-भरा बनाने के लिए पौधे रोपने और उनकी नियमित देखभाल वृक्ष बनने तक संरक्षण देने का संकल्प लिया.

**नाम परिवर्तन**

इस पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम PRITI AGRAHARI था. मेरा विवाह श्री अनिल कुमार गुप्ता के साथ हुआ है एवं विवाह पश्चात् मेरा नाम परिवर्तित होकर PRITI GUPTA हो गया है. अब मैं PRITI GUPTA के नाम से ही जानी व पहचानी जाती हूं तथा यही नाम मेरे समस्त वर्तमान दस्तावेजों में अंकित है.

**सूचितकर्ता**

PRITI GUPTA
Address - P -51, PALASH PARISAR , C -SECTOR, BARKHERA, BHOPAL - 462022, MADHYA PRADESH

## 10 लाख रुपए की साइबर ठगी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 16 अगस्त.** अवधपुरी इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की वारदात हो गई. जालसाजों ने पहले झांसे में लेकर व्यक्ति से हजारों रुपए निवेश कराया. इसके बाद 10 लाख रुपए जालसाजों ने ठग लिए. रविवार को पीड़ित ने थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया.फरियादी लक्ष्मीनारायण सिंह (39) निवासी दीपनगर ने केस दर्ज कराया. फरियादी ने बताया कि 21 जुलाई को उनके टेलीग्राम एप पर जालसाजों गोपिका रविकुमार और सजनी मनोहर का मैसेज आया था. लक्ष्मीनारायण को ऑनलाइन माध्यम से रुपये कमाने का ऑफर दिया गया.

**आर्थिक** | आरबीआई के फैसले के बाद भी राहत नहीं

# ईएमआई और महंगाई के बीच फंसे परिवार

प्रांजुल पाण्डेय

**भोपाल, 16 अगस्त. रिजर्व बैंक ने अगस्त की मौद्रिक नीति में रेपो रेट को लगातार पांचवीं बार 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा है. इससे रेपो से जुड़े फ्लोटिंग ब्याज वाले होम लोन की ईएमआई में तत्काल बड़ी राहत की उम्मीद कम हो गई है.**

दूसरी ओर जुलाई में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.45 फीसदी पहुंच गई, जबकि जून में यह 4.38 फीसदी थी. खाद्य महंगाई 5.52 फीसदी रहने से परिवारों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त दबाव बना है. भोपाल में इसका असर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जिनकी मासिक आय का बड़ा हिस्सा होम लोन की किस्त में जाता है. बैंकिंग क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुमान के अनुसार शहर में करीब 1.5 से 2 लाख सक्रिय होम लोन खाते हैं. इनमें लगभग 1 से 1.4 लाख खाते रेपो से जुड़े फ्लोटिंग रेट वाले माने जा रहे हैं. पिछले एक साल में भोपाल में करीब 20 से 30 हजार नए होम लोन स्वीकृत होने का अनुमान है. औसतन 30 लाख रुपये के होम लोन को 20 साल के लिए 7.75 फीसदी ब्याज दर पर लें तो ईएमआई करीब 24,600 रुपये प्रतिमाह बैठती है. हालांकि 5.25 फीसदी रेपो रेट सीधे ग्राहक की ईएमआई नहीं तय करता। बैंक रेपो के ऊपर अपना मार्जिन और अन्य शुल्क जोड़कर अंतिम ब्याज दर तय करते हैं.मध्यप्रदेश में भी आवास ऋण का आकार बढ़ा है. सितंबर 2025 में बैंकों का हाउसिंग लोन बकाया करीब 85,112 करोड़ रुपये था, जो एक साल पहले के करीब 77,557 करोड़ रुपये से 9.74 फीसदी अधिक था. दूसरी ओर जुलाई में शहरी महंगाई 3.96 फीसदी रही. ऐसे में भोपाल के परिवारों के सामने एक तरफ ईएमआई में तत्काल राहत नहीं है, वहीं खाद्य और घरेलू खर्च बढ़ने से मासिक बजट पर दबाव बना हुआ है. आने वाले महीनों में ब्याज दर और महंगाई दोनों ही घर खरीदने वालों के फैसले को प्रभावित कर सकते हैं.

**पश्चिम मध्य रेल**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.– 33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी. एम.पी.–अ.–23072026–274695
असाधारण
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 3736] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 15, 2026/आषढ़ 24, 1948

रेल मंत्रालय
[पश्चिम मध्य रेलवे (गति शक्ति यूनिट)]
अधिसूचना
भोपाल, 9 जुलाई, 2026

**का.आ. 3899 (अ.)**—केंद्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 (रेल संशोधित अधिनियम 2008) की धारा 2 के खण्ड (7 क) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से मध्यप्रदेश राज्य के नीचे दी गयी सारणी के स्तम्भ (3) में उल्लेखित जिले में विशेष रेल परियोजना **"समपार फाटक क्र 246 (रानी कमलापति–मिसरोद स्टेशन के मध्य) पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण"** के संबंध में ऐसे विशेष रेल परियोजना के निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए स्तम्भ (2) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त अधिनियम के अधीन, ऐसे प्राधिकारी के रुप में क्रत्यों का निर्वहन करने के लिए सक्षम अधिकारी के रुप में प्राधिकृत करती है।

सारणी
विशेष रेल परियोजना

| क्र.सं | सक्षम अधिकारी | जिला |
| --- | --- | --- |
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसील–कोलार, जिला–भोपाल (म.प्र.) | भोपाल |

(हस्ता.)
[फा. सं. WCR. BPL0 GSU (GSMS)/1/2026]
अनुपम अवस्थी, मुख्य परियोजना प्रबन्धक

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, म.प्र.**
Phone No. 07574-254394 (O) Fax. 07574-252133
E-mail: ddsatnp.hbd@mp.gov.in
क्रमांक/स्था./5788 नर्मदापुरम, दिनांक 11-8-26

**विज्ञप्ति**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के अंतर्गत विस्थापित ग्रामों के ग्रामीणों से समन्वय स्थापित किये जाने हेतु वर्ष 2026-27 में 01 अनुभवी Sociologist की आवश्यकता है. इस हेतु अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| | |
| --- | --- |
| Name of Post | Sociologist |
| Last Date for from Submission | 07-09-2026 |
| Age | Not More Than 45 Years as on last date of form submission |
| Date of interview | 17-09-2026 |
| Mode of interview | In person (Offline) |
| Place of interview | Office of the Field Director, Satpura Tiger Reserve, Besides Commissioner Colony, Pipariya Road, Narmadapuram (M.P.) |
| Information to selected candidates | 22-09-2026 |
| Date of Joining | 01-10-2026 |

1. इच्छुक अभ्यर्थी स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति PDF format में fdsatnp.hbd@mp.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं.
2. आवेदक किसी भी Query के लिये fdsatnp.hbd@mp.gov.in पर मेल या मोबाइल नंबर 9425556200 एवं 9424792105 पर कॉल कर सकते हैं.
3. Sociologist की भर्ती संबंधित अधिक जानकारी https://mpforest.gov.in विभागीय वेबसाइट लिंक https://mpforest.gov.in/admin/PDF/LUSTR Vacancy 20262711082601 3348.pdf पर उपलब्ध है.

G17157/26

उपसंचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम